# Bihar Board Class 7 Social Science Civics Solutions Chapter 7 विज्ञापन की समझ

पाठगत प्रश्नोत्तर

प्रश्न 1.
विज्ञापन कौन देता है ? संचार माध्यम
उत्तर-
किसी विषय वस्तु पर हमारा ध्यान आकर्षित करने के लिए विज्ञापन किया जाता है। विज्ञापन मुख्यत: व्यापारिक संस्थान द्वारा दिए जाते हैं।

संचार माध्यमों को अधिक-से-अधिक लोगों तक पहुँचाने में आधुनिक तकनीक से बहुत मदद मिलती है। पर इन आधुनिक संचार माध्यमों के संचालन के लिए बहुत अधिक धन की आवश्यकता होती है, जो किसी एक व्यक्ति के द्वारा लगा पाना संभव नहीं होता है। इसके लिए वे विज्ञापन पर निर्भर रहते हैं, क्योंकि विज्ञापन उनके आय का मुख्य स्रोत होता है। वे अपने खर्चे के लिए विज्ञापन के ऊपर ही आश्रित होते हैं।

प्रश्न 2.
आपके पसंदीदा विज्ञापन कौन-कौन से है? वे आपको किस तरह
आकर्षित करते हैं? शिक्षक के साथ चर्चा करें।
उत्तर-
मुझे पर्यटन स्थल से जुड़े विज्ञापन बहुत अधिक पसंद है क्योंकि मुझे घूमना अच्छा लगता है। मुझे ऐसे विज्ञापन भी बहुत पसंद है जिसमें किसी जगह से जुड़ी कुछ खास बात बताई जाती है। इसके अलावे मुझे खाद्य पदार्थ से जुड़े विज्ञापन काफी पसंद है, क्योंकि मैं खाने की बहुत शौकीन हूँ।

प्रश्न 3.
गोरेपन या सांवलेपन से सुन्दरता को आँकना क्या तुम्हें सही लगता है?
उत्तर-
नहीं, गोरेपन या सांवलेपन से सुन्दरता को आँकना सही नहीं होता । गोरापन या साँवलापन हमारे हाथ की चीज नहीं होती है। किसी का गोरा रंग या सांवला रंग भगवान की देन होती है। इसे किसी क्रीम से बदला नहीं जा सकता है और किसी का रंग साँवला है इस वजह से उसे औरों से कम आँकना या उसे हेय दृष्टि से देखना गलत होता है। इंसान अपने गोरेपन या सांवलेपन से अच्छा नहीं बनता बल्कि वे अपने गुणों से अच्छा बनता है।

प्रश्न 4.
इन विज्ञापनों और पूर्व के दोनों विज्ञापनों में क्या अंतर है ?
उत्तर-
इन विज्ञापनों और पूर्व केन्द्रोनों विज्ञापनों में अंतर-दो विज्ञापन सामाजिक है, इनमें पोलियो उन्मूलन और रक्तदान के बारे में जानकारी उदी। गई है। लोगों से अपील की जा रही है कि वे अपने पाँच साल तक के बच्चों को पोलियो का टीका जरूर लगवाएँ और उन्हें पोलियो जैसी बीमारी से बचाएँ और रक्तदान के लिए लोगों को कही जा रही है

कि जो स्वस्थ हैं वो अपना रक्तदान करें जिससे किसी व्यक्ति को नई जिन्दगी मिल सके और पूर्व के दोनों विज्ञापन व्यवसायिक है। इनमें वस्तु को बेचने के लिए बढ़ा-चढ़ाकर उनकी तारीफ हो रही है। जिससे लोग ज्यादातर इसकी ओर आकर्षित हों और इन्हें खरीदें।

अभ्यास के प्रश्नोत्तर

प्रश्न 1.
विज्ञापन से हम किस प्रकार प्रभावित होते हैं?
उत्तर-
किसी भी वस्तु के विज्ञापन को इतने खूबसूरत ढंग से तैयार किया जाता है कि हम उस वस्तु की ओर आकर्षित होते हैं। विज्ञापन में किसी वस्तु की इतनी सारी अच्छाइयाँ, गुण बताए जाते हैं जिससे हमें लगता है कि सच में ये वस्तु बहुत अच्छे होते हैं। जैसे कभी-कभी किसी क्रीम, कपड़े, परफ्यूम आदि के विज्ञापन में फिल्म स्टारों या टी.वी. स्टारों को शामिल किया जाता है, जिससे हमें लगने लगता है ये लोग इसी क्रीम, कपड़े आदि के इस्तेमाल से इतने अच्छे लगते हैं इसलिए भी सुंदर दिखने के लिए इन चीजों का उपयोग करना चाहिए ।

कभी-कभी खाने की वस्तुओं को हमारे सेहत से जोड़कर यह दिखाना जाता है कि इन्हीं वस्तुओं को अगर खुले तौर पर खरीदकर इस्तेमाल करने पर हमारे सेहत को हानि होती है और इन्हीं वस्तुओं को पैक कर और किसी ब्रांड का देकर बेचा जाता है और कहा जाता है कि ये वस्तुएँ हमारे सेहत के लिए फायदेमंद है।

प्रश्न 2.
पैकेट वाली वस्तु और खुली वस्तु में आप किसे खरीदना पसन्द करते हैं? क्यों?
उत्तर-
पैकेट वाली वस्तु और खुली वस्तु में पैकेट वाली वस्तु ज्यादा – अच्छी होती है। खुली वस्तुओं में मिलावट की संभावना अधिक होती है। खुली वस्तुएँ जैसे सत्तू आदि को लोग बर्तन में रखकर बेचते हैं, जिसकी वजह से उनमें धूल-मिट्टी आदि पड़ते हैं और वे खाने के लिए सही नहीं होते हैं, उनके खाने से हमारे सेहत को नुकसान पहुंचता है।

इसी तरह खुला तेल भी खाने के लिए सही नहीं होता है, उसमें भी कई तरह के मिलावट किए रहते हैं, जो हमारी सेहत के लिए काफी नुकसानदेह होती है। जबकि पैकेट वाली वस्तुएँ पैक होती हैं, उनमें मिलावट की संभावना खुली वस्तुओं की अपेक्षा बहुत कम होती है और उनसे हमारी सेहत को नुकसान भी नहीं पहुँचता । इसलिए मैं खुली वस्तुओं की अपेक्षा पैकेट वानी वस्तुओं को ज्यादा पसंद करती हैं।

प्रश्न 3.
विज्ञापन को बार – प्रसारित क्यों किया जाता है ?
उत्तर-
विज्ञापन को बार-बार प्रसारित इसलिए किया जाता है, ताकि लोगों को ज्यादा से ज्यादा ध्यान उस वस्तु की ओर जाए। एक बार किसी चीज को देखकर अनदेखा किया जा सकता है, पर बार-बार अगर हम एक ही चीज को देखते हैं तो हमारा ध्यान उस ओर चला ही जाता है। बार-बार अगर हम किसी वस्तु के बारे में सिर्फ अच्छी बातें ही सुनते हैं, तो हमें थोड़ी देर के लिए ही सही पर वह वस्तु अच्छी लगने लगती है और हम उस वस्तु को खरीद लेते हैं।

प्रश्न 4.
आप विज्ञापन से प्रेरित होकर कौन-सी वस्तुएँ खरीदते हैं ? पाँच वस्तुओं के बारे में लिखें।
उत्तर-

मैंने विज्ञापन से प्रेरित होकर खाद्य सामग्री, ब्रांडेड कपडे, सते. साबुन, टी.वी. आदि खरीदें।

मैंने विज्ञापन से प्रेरित होकर ही खाद्य सामग्री के लिए खले वस्तुओं की अपेक्षा पैकेट वाली वस्तुओं को प्राथमिकता दी । क्योंकि इनमें मिलावट की संभावना बहुत होती है। इसके अलावे ब्रांडेड कपड़े और जूते के विज्ञापन भी मैंने टी.वी. पर देखा और मैं इसकी ओर आकर्षित हुई। साबुन के विज्ञापन

जिसमें डॉक्टर भी उस साबुन के उपयोग की सलाह देते हैं और वह हमारी – सेहत के लिए अच्छा होता है। टी.वी. में L.G. के विज्ञापन में दिखाया जाता है कि ये हमारी आँखों की रोशनी को प्रभावित नहीं करता।

प्रश्न 5.
विज्ञापित वस्तु की कीमत गैर-विज्ञापित वस्तु की तुलना में अधिक क्यों होती है?
उत्तर-
विज्ञापित वस्तु की कीमत गैर-विज्ञापित वस्तु की तलना में अधिक होती है क्योंकि किसी वस्तु का विज्ञापन कराने में कंपनी वाले को बहुत अधिक खर्चा करना पड़ता है। खासकर अगर किसी विज्ञापन से फिल्मी कलाकार या गैर फिल्मी कलाकार को जोड़ा जाता है तो कंपनी का और अधिक पैसा खर्च

होता है। इसलिए वे वस्तुओं के दाम में उन्हें बनाने का लागत और विज्ञापन का खर्च दोनों जोड़ते हैं जिससे उस वस्तु की कीमत बढ़ जाती है।

प्रश्न 6.
इनमें से कौन-से विज्ञापन सार्वजनिक हैं और कौन से व्यावसायिक ?
नीचे दी गयी तालिका में भरें। फिर अपने अनुभव के आधार पर
कुछ और उदाहरण जोड़ें।
कोल्डड्रिंक्स का विज्ञापन
पल्स पोलियो का विज्ञापन
मोबाइल का विज्ञापन ।
असुरक्षित रेलवे क्रासिंग को पार करने का विज्ञापन ।

| व्यावसायिक विज्ञापन | सार्वजनिक विज्ञापन |
|---|---|
| 1. | 1. |
| 2. | 2. |
| 3. | 3. |

उत्तर-

| व्यावसायिक विज्ञापन | सार्वजनिक विज्ञापन |
|---|---|
| 1. कोल्डड्रिंक्स का विज्ञापन | 1. पल्स पोलियो का विज्ञापन |
| 2. मोबाईल का विज्ञापन | 2. असुरक्षित रेलवे क्रासिंग को पार करने का विज्ञापन |


https://www.evidyarthi.in/

| | |
|---|---|
| 3. सौंदर्य प्रसाधन का विज्ञापन | 3. रक्तदान का विज्ञापन |

evidyarthi


https://www.evidyarthi.in/